Headline: - Training in AI-program management for 190 health professionals in Odisha

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
31st October 2026	**Dainik Bhaskar**	All

ओडिशा के 190 हेल्थ प्रोफेशनल्स को एआई-प्रोग्राम मैनेजमेंट की ट्रेनिंग



सिटी रिपोर्टर • टीबी प्रोग्राम की मॉनिटरिंग, डेटा मैनेजमेंट और रिपोर्टिंग बेहतर बनाने के लिए आईआईएचएमआर जयपुर ओडिशा के हेल्थ प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग दे रही है। 27 अक्टूबर से 3 दिसंबर तक छह बैचों में होने वाले इस प्रोग्राम में एआई टूल्स के इस्तेमाल के साथ प्रोग्राम मैनेजमेंट की स्किल्स भी सिखाई जाएंगी। ओडिशा सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए आयोजित इस ट्रेनिंग में जिला पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर्स और सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर्स सहित 190 हेल्थ प्रोफेशनल्स के शामिल होने की उम्मीद है। हर बैच का ट्रेनिंग सेशन तीन दिन का होगा। यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी. आर. सोडानी ने कहा कि पब्लिक हेल्थ सर्विसेज को बेहतर बनाने में एआई, मैनेजमेंट और सही नेतृत्व की अहम भूमिका है।

Dainik Bhaskar 31.10.2026